**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की**
**धारा 4(1) (बी) के अनुसरण में नियमावली**
**प्रकाशित**

**(2005 का 22)**

**(11.08.2023 को अद्यतन)**

**नियमावली 1: संगठन, कार्यों और कर्तव्यों का विवरण**
**{धारा 4(1) बी ( i )}**

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) के बारे में-**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिंदू विश्वविद्यालय), वाराणसी की स्थापना का श्रेय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के दूरदर्शी दृष्टि एवं अथक प्रयासों को जाता है। मालवीय जी द्वारा तीन अभियांत्रिकी और तकनीकी संस्थाओं की स्थापना की गई, जो वर्ष 1919 में बनारस इंजीनियरिंग कॉलेज (बेन्को) के रूप में , 1923 में कॉलेज ऑफ माइनिंग एंड मेटलर्जी (मिनमेट) और 1932 में कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नो) के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मुख्य इकाई थे।

उच्च एकीकृत शैक्षिक आधार प्रदान करने के लिए बेन्को, मिनमेट और टेक्नो तथा 1932 में स्थापित फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी को 1968 में प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटी, बीएचयू) बनाने के लिए एक साथ मिला दिया गया था। संसद के एक अधिनियम द्वारा 29 जून 2012 को प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी में परिवर्तित किया गया।

वर्तमान में, संस्थान में पंद्रह विभाग और तीन अंतःविषय स्कूल हैं जिसमें एक नया स्थापित विभाग वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प शामिल है। संस्थान में हाल ही में शामिल केंद्रीय सुविधाएँ सुपर कम्प्यूटिंग केंद्र, कंप्यूटिंग तथा सूचना सेवा (सीसीआईएस), केंद्रीय उपकरण सुविधा केंद्र (सीआईएफ), मुख्य कार्यशाला, श्रीनिवास देशपांडे पुस्तकालय और औद्योगिक परामर्श व परीक्षण सेवाएं हैं। शिक्षण एवं अधिगम प्रकोष्ठ द्वारा अध्यापन, पाठ्यक्रम वितरण, प्रयोगशाला परियोजनाओं, मूल्यांकन और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करने के सभी पहलुओं को कवर किया जाता है। संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 से भौतिकी एवं रसायन में दो वर्षीय एमएससी पाठ्यक्रम भी शुरू किया है।

संस्थान 15 विभागों में पीएच.डी. कार्यक्रम, 13 विषयों/ विशेषज्ञता में एम.टेक. कार्यक्रम, एक विषय/विशेषज्ञता में एम.फार्म कार्यक्रम, 10 इंजीनियरिंग विभागों में बी.टेक. कार्यक्रम , 14 इंजीनियरिंग विभाग / स्कूल / विज्ञान विभाग में द्वि (डूअल) डिग्री ( बी.टेक और एम.टेक ) कार्यक्रम, 1 विभाग में बी.आर्क. कार्यक्रम (2019-20 में स्थापित वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प विभाग) चलाता है। इसके अतिरिक्त एससी/एसटी छात्रों के लिए वर्ष के दौरान प्रारम्भिक पाठ्यक्रम समीक्षाधीन है।

संस्थान के नियमित संकाय सदस्यों की वर्तमान संख्या 294 है। इसके अतिरिक्त, 14 अभ्यागत आचार्य (विजिटिंग प्रोफेसर) तथा 45 गैर नियमित रूप से संकाय सदस्य संस्थान के शैक्षिक गतिविधियों में योगदान दे रहे हैं । इसके अतिरिक्त, तकनीकी/वैज्ञानिक कर्मचारी 241 है, तथा गैर-तकनीकी कर्मचारी 164 है। संकाय और छात्र सक्रिय रूप से अग्रणी

अनुसंधान और मिशन उन्मुखी गतिविधियां में लगे हुए हैं। संस्थान कई महत्वपूर्ण शैक्षिक और विकासात्मक कार्यक्रम और शिक्षा के सभी क्षेत्रों में नई पहल और अनुसंधान का साक्षी है।

**स्नातक कार्यक्रम :**

आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी 4-वर्षीय बी.टेक , 5-वर्षीय बी. आर्क और 5 वर्षीय द्वि डिग्री कार्यक्रम जेईई (एड.) के माध्यम से प्रदान करता है और अखिल भारत रैंक के आधार पर चयन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को 2 वर्षीय एमएससी भौतिकी और रसायन विज्ञान विभाग में सत्र 2019-20 से प्रारम्भ की गई है , अभ्यर्थियों का चयन आईआईटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जैम के माध्यम से किया गया था। 2 साल एम.टेक/ एम.फार्मा कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को GATE/GPAT स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया गया। छात्रों का चयन एम.टेक . कार्यक्रम प्रायोजित तथा क्यूआईपी साक्षात्कार और/या लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया। पीएचडी के लिए चयन परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से किया गया, जिसमें छात्रों को गेट या जीपीएटी या यूजीसी/सीएसआईआर-नेट उत्तीर्ण होना चाहिए।

**स्नातक कार्यक्रम में पाठ्यक्रम :**

| कार्यक्रम | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| **प्रौद्योगिकी स्नातक( बी.टेक)** | सिरामिक अभियांत्रिकी, रासायनिक अभियांत्रिकी, सिविल अभियांत्रिकी, संगणक विज्ञान तथा अभियांत्रिकी, विद्युतीय अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी, यांत्रिक अभियांत्रिकी, धातुकीय अभियांत्रिकी, खनन इंजीनियरिंग और फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, बी.फार्म और आईडीडी ( बी.फार्म-एम.फार्म / आईएमडी डिग्री 2014-15 के पहले) |
| **भैषजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी परास्नातक** | **भैषजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी** |
| **वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प स्नातक** | **वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प** |
| **द्वि (डूअल) डिग्री ( बी.टेक और एम.टेक )** | एम.टेक के साथ जैव रासायनिक इंजीनियरिंग, जैव रासायनिक इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी, एम.टेक के साथ जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी में जैव इंजीनियरिंग, सिरामिक अभियांत्रिकी, सिविल अभियांत्रिकी साथ एम.टेक संरचनात्मक अभियांत्रिकी में, संगणक विज्ञान तथा अभियांत्रिकी, विद्युतीय अभियांत्रिकी एम.टेक के साथ विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स में, पदार्थ विज्ञान और प्रौद्योगिकी, यांत्रिक अभियांत्रिकी, धातुकीय अभियांत्रिकी तथा खनन अभियांत्रिकी, अभियांत्रिकी भौतिक विज्ञान, औद्योगिक रसायन विज्ञान, गणित, कंप्यूटर विज्ञान तथा फार्मास्यूटिकल अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, बी.फार्म और आईडीडी (बी.फार्म-एम.फार्म / आईएमडी डिग्री 2014-15 के पहले) |

आईआईटी (बीएचयू) सेमेस्टर व्यवस्था का अनुसरण करता है। एक शैक्षणिक वर्ष में दो सेमेस्टर होते हैं जिसमें प्रत्येक में लगभग 13 सप्ताह की अवधि शामिल है। विषम सेमेस्टर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है और दिसंबर के पहले सप्ताह में समाप्त होता है। सम सेमेस्टर दिसंबर के चौथे सप्ताह में शुरू होता है और मई के पहले सप्ताह में समाप्त होता है। इनके अलावा एक शैक्षणिक सत्र में एक ग्रीष्मकालीन अवधि भी शामिल की जाती है। प्रत्येक व्यावहारिक और प्रयोगशाला पाठ्यक्रम में इसके लिए निर्धारित एक निश्चित संख्या में क्रेडिट्स हैं जोकि एक सप्ताह में व्याख्यान, प्रयोग तथा शिक्षण, कोंटेक्ट हावर्स पर निर्भर है। प्रत्येक पाठ्यक्रम एक समन्वय समिति द्वारा चलता है ,जो पाठ्यक्रम के शिक्षण के लिए पूर्णतः उत्तरदायी है और आवधिक और अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं और ग्रेड प्रदान करने का काम करता है। एक छात्र के प्रदर्शन का मापन उसके द्वारा अर्जित क्रेडिट की संख्या पर होता है और इसके अलावा उसके द्वारा एक सत्र/कार्यक्रम में अर्जित सेमेस्टर प्रदर्शन इंडेक्स (एसपीआई)/कमलेटिव प्रदर्शन इंडेक्स (सीपीआई) के आधार पर भी होता है।

**स्नातकोत्तर कार्यक्रम :**

स्नातकोत्तर कार्यक्रम में मास्टर ऑफ टेक्नोलोजी( एम.टेक .)/मास्टर ऑफ फार्मेसी ( एम.फार्म) और पीएच.डी. डिग्री शामिल है। एम.टेक में प्रवेश ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) के माध्यम से सभी आईआईटी द्वारा संयुक्त रूप से होता है। एम.फार्मा पाठ्यक्रम में आईआईएससी , बंगलौर द्वारा संचालित ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) के माध्यम से प्रवेश होता है।

**विभाग:**

आईआईटी (बीएचयू) में 18 शैक्षणिक इकाइया हैं जिसमें 10 अभियांत्रिकी विभाग, 3 विज्ञान विभाग, 3 अंतःविषय स्कूल, 01 मानवतावादी विभाग तथा एक वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प विभाग है। आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी में निम्नलिखित शैक्षणिक विभाग हैं

- **अभियांत्रिकी विभाग:**

सिरामिक अभियांत्रिकी, रासायनिक अभियांत्रिकी, सिविल अभियांत्रिकी, कंप्यूटर साइंस एंड अभियांत्रिकी, विद्युतीय अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी, यांत्रिक अभियांत्रिकी, धातुकीय अभियांत्रिकी, खनन अभियांत्रिकी, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी।

- **विज्ञान विभाग:**

रसायन विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिकी

- **अंत:विषय स्कूल**

जैव रासायनिक अभियांत्रिकी, जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी, पदार्थ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- **मानवतावादी अध्ययन**

मानवतावादी अध्ययन विभाग

- **वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प :**

  वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प विभाग

धातुकीय अभियांत्रिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी, खनन अभियांत्रिकी और रासायनिक अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी को भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उन्नत अध्ययन केंद्र (सीएएस) के रूप में मान्यता दी गई है। विभाग को भारत सरकार के तहत फिस्ट, सैप तथा डीएसटी योजनाओं का सहयोग प्राप्त है।

## सुविधाएँ

संस्थान के पास केंद्रीय कंप्यूटर केंद्र के अतिरिक्त सभी विभागों/स्कूलों में सुसज्जित प्रयोगशालाएं तथा कार्यशालाएं, संगणक सुविधाएँ उपलब्ध है। विभागीय सुविधाओं के अलावा एक केंद्रीय उपकरण सुविधा केंद्र है, जिसमें उन्नत अनुसंधान में सहयोग देने के लिए परिष्कृत उपकरण हैं। संस्थान में कई विभागीय पुस्तकालय के साथश्रीनिवास देशपांडे पुस्तकालय है। इन पुस्तकालयों में 200,000 से अधिक पुस्तकें हैं और बड़ी संख्या में वैज्ञानिक और तकनीकी पत्रिका सब्सक्राइब है। सभी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक बैंक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जहां उन्हें सीमित संख्या में पुस्तकें पूरे सेमेस्टर के लिए जारी की जाती है।

**कार्य और कर्तव्य**

भा.प्रौ.सं. (का.हि.वि.) एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है जो प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2012 द्वारा राजपत्र अधिसूचना दिनांक 29.06.2012 के माध्यम से संसद के एक अधिनियम द्वारा बनाया गया है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन, इस प्रकार उपधारा (1ए) को उप-धारा (1) के बाद सम्मिलित करते हुए मूल अधिनियम की धारा 6 में, संस्थान निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा और निम्नलिखित कर्तव्यों का निष्पादन करेगा:

(a) इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, विज्ञान और कला की ऐसी शाखाओं में निर्देश और अनुसंधान प्रदान करना, जैसा कि संस्थान उचित समझे, और ऐसी शाखाओं में सीखने में उन्नति तथा ज्ञान का प्रसार करना

(b) परीक्षाएँ आयोजित कराना और डिग्री, डिप्लोमा तथा अन्य शैक्षणिक विशिष्टता या उपाधि प्रदान करना

(c) मानद उपाधि या अन्य विशिष्टता प्रदान करना

(d) फीस तथा अन्य शुल्क का निर्धारण, मांग और प्राप्त करना

(e) छात्रों के आवास के लिए हॉल और छात्रावास को स्थापित, रखरखाव और व्यवस्थित करना

(f) आवास की निगरानी तथा करना और संस्थान में छात्रों का विनियमन करना तथा उनके स्वास्थ्य, सामान्य कल्याण, सांस्कृतिक और कॉर्पोरेट जीवन के संवर्धन की व्यवस्था करना

(g) संस्थान के छात्रों के लिए राष्ट्रीय कैडेट कॉर्पस की इकाइयों का संरक्षण

(h) शैक्षणिक और अन्य पदों को स्थापित करना और उन पर नियुक्तियां करना (निदेशक के पद को छोड़कर);

(i) परिनियम और अध्यादेश को बनाना, संशोधित करना या निरस्त करना

(j) संस्थान से संबंधित या निहित किसी भी संपत्ति के निपटारा उस तरह करना जो संस्थान के लिए उपयुक्त हो और संस्थान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाए

(k) सरकार से उपहार, अनुदान, दान या उपकार प्राप्त करना और वसीयतकर्ताओं, दानदाताओं या हस्तांतरणकर्ताओं से चल या अचल संपत्तियां के वसीयत, दान और हस्तांतरण प्राप्त करना, जैसा मामला हो ;

(l) दुनिया के किसी भी हिस्से में शैक्षिक या अन्य संस्थानों के साथ पूर्ण या आंशिक उद्देश्य के समान संस्थान से सहयोग करने के लिए शिक्षकों और विद्वानों का आदान-प्रदान द्वारा सहयोग देना

(m) फैलोशिप, छात्रवृत्तियां, प्रदर्शनी, पुरस्कार तथा पदक की शुरुआत एवं प्रदान करना

(n) संस्थान के सभी या किसी भी उदेश्य की प्राप्ति हेतु सभी प्रयास करना जो आवश्यक, आकस्मिक या सहायक हो।

1 (ए) इस अधिनियम के प्रावधान के अधीन, प्रत्येक संस्थान राज्य और संघ प्रदेशों के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करें

(a) क्षेत्र में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थानों के साथ सहयोग और सहयोग करना, जिससे उनकी गुणवत्ता तथा क्षमता बढ़ सके ;

(b) अपने क्षेत्र में शामिल राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी शिक्षा और उनके द्वारा संस्थान को संदर्भित किसी भी तकनीकी मुद्दे के लिए सलाह देना

**संगठन चार्ट:**



**मुख्य कार्यालय पता**

कुलसचिव
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
(का.हि.वि.), वाराणसी
वाराणसी -221005 (उ.प्र.)
फोन (0) 2367780
ई-मेल : registrar@iitbhu.ac.in

**संस्थान कार्य समय:**

- **शैक्षणिक विभाग:** सोमवार से शुक्रवार; 09:30 पूर्वाह्न से 06:00 अपराह्न (इनके बीच में 2 घंटे का भोजनावकाश ; प्रत्येक विभाग में भिन्न-भिन्न)
- **प्रशासन:** सोमवार से शुक्रवार सुबह 09:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक (भोजनावकाश दोपहर 1:30 बजे से 2:00 बजे तक)
- **छात्र स्वास्थ्य केंद्र:** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल दिन में स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं प्रदान करता है और चौबीसों घंटे स्वास्थ्य देखभाल सुंदरलाल अस्पताल, काशीहिंदू विश्वविद्यालय में उपलब्ध है।
- **संयुक्त मुख्य प्रॉक्टर कार्यालय:** चौबीस घंटे
- **पुस्तकालय:** सोमवार से रविवार: 08:00 पूर्वाह्न से 11:00 बजे रात्री तक
- **वर्कशॉप: कार्यालय के लिए -** सोमवार से शनिवार: सुबह 09:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक आधे घंटे के दोपहर का भोजन के साथ (1:30 बजे से 2:00 बजे तक)

  **शैक्षणिक, कार्यशाला और प्रयोगशाला के लिए -** सोमवार से शुक्रवार 8:00 पूर्वाह्न से 5:30 बजे तक

  दोपहर का भोजन 12:00 बजे से 01:30 बजे तक
- **छात्रावास:** चौबीस घंटे
- **जिमखाना:** सोमवार से शुक्रवार: 6:00 बजे से 8:00 बजे तक सामान्य भोजनावकाश के साथ

**कोई अन्य विवरण:** विभाग की उत्पत्ति, स्थापना, गठन और समय-समय पर विभागाध्यक्ष का विवरण दिया गया है

| **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) के विभागाध्यक्षों/स्कूलों के समन्वयकों की सूची** | | | | |
| **क्र.सं.** | **विभाग/विध्यालय** | **विभागाध्यक्ष/ समन्वयक** | **अवधि (१ या ३ वर्ष)** | |
| १ | सिरामिक इंजीनियरिंग विभाग | प्रो. विनय कुमार सिंह | 9/1/2019 | 8/31/2023 |
| २ | रसायनिक अभियांत्रिकी एवम तकनिकी विभाग | प्रो. मनोज कुमार मंडल | 1/1/2023 | 12/31/2023 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ३ | जानपद अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. शशांकशेखर मंडल | 1/1/2023 | 12/31/2023 |
| ४ | संगणक विज्ञान एव अंभियांत्रिकी विभाग | प्रो संजय कुमार सिंह | 1/1/2021 | 12/31/2023 |
| ५ | विद्युतीय अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. आर.के. पांडे | 8/9/2021 | 8/8/23023 |
| ६ | इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. एम.के. मेशराम | 8/9/2022 | 8/8/2023 |
| ७ | यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. संतोष कुमार | 8/2/2021 | 8/1/2024 |
| ८ | धातुकीय अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. सुनील मोहन | 1/1/2021 | 12/31/2023 |
| ९ | खनन अभियांत्रिकी विभाग | प्रो. सुप्रकाश गुप्ता | 1/7/2022 | 6/30/2024 |
| १० | भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग | प्रो. (श्रीमती) एस. हेमलता | 2/27/2022 | 2/26/2024 |
| ११ | रासायनिक विभाग | प्रो. वाई.सी. शर्मा | 8/9/2021 | 8/8/2023 |
| १२ | गणितीय विज्ञान विभाग | प्रो. संजय कुमार पांडे | 1/1/2022 | 12/31/2023 |
| १३ | भौतिकी विभाग | प्रो. संदीप चटर्जी | 1/1/2021 | 12/31/2023 |
| १४ | जैवरासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल | प्रो. विकाश कुमार दुबे | 2/19/2020 | 2/18/2024 |
| १५ | जैवचिकित्सा अभियांत्रिकी स्कूल | डॉ. संजीव कुमार महतो | 3/1/2022 | 2/28/2024 |
| १६ | पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी स्कूल | डॉ. अखिलेश कुमार सिंह | 1/1/2023 | 12/31/2023 |
| १७ | मानवतावादी अध्ययन विभाग | डॉ. अजीत कुमार मिश्र | 6/30/2021 | 6/29/2024 |
| १८ | वास्तुकला, योजना एव अभिकल्प विभाग | प्रो. राजेश कुमार | 12/7/2021 | 12/31/2023 |

## नियमावली 2: अधिकारियों तथा कर्मचारियों की शक्तियाँ एवं कर्तव्य {खंड 4(1) बी (ii)}

**निदेशक** संस्थान के प्रधान शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी हैं। निदेशक संस्थान के समुचित प्रशासन के लिए और अनुदेश देने तथा अनुशासन के देखरेख हेतु उत्तरदायी है । निदेशक को मंडल/शिक्षा मंत्रालय से समय-समय पर जारी प्रक्रियाओं के तहत व्यय के दायित्व की शक्तियाँ प्राप्त हैं।

**उप निदेशक** संस्थान के संकाय सदस्यों में से निदेशक की संस्तुति पर बोर्ड द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। उप निदेशक ऐसे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में निदेशक की सहायता करेंगे जो समय-समय पर आवश्यक समझे जाएं।

**अधिष्ठाता** की नियुक्ति बोर्ड द्वारा संस्थान के संकाय सदस्यों में से की जाती है, ऐसे कर्तव्यों और कार्यों का निर्वहन करने के लिए ऐसे नियमों और शर्तों पर जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर तय करता है।

**विभागाध्यक्षों** की नियुक्ति संस्थान के शैक्षणिक कर्मचारी में से निदेशक द्वारा की जाती है। निदेशक के निर्देश और सामान्य नियंत्रण के अधीन विभागाध्यक्ष अपने प्रभार के तहत संचालित गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगा। यह विभागाध्यक्ष का कर्तव्य है कि शिक्षण, अनुसंधान और विकास, प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों और संस्थान के अधिकारियों और निदेशक के निर्णयों का समुचित अनुपालन किया जाता है।

**कुलसचिव** अभिलेखों, संस्थान के निधि और संस्थान के अन्य सम्पत्तियों का अभिरक्षक होता है।

इसके अलावा, संस्थान के अन्य अधिकारियों का परिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिकार दिये जाते हैं [संस्थान के कर्मचारी शक्तियों, जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का पालन करते हैं जैसा कि उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपा जाता है।] ***(https://iitbhu.ac.in/contents/institute/admin/doc/first_statutes_IIT_BHU_hindi.pdf)***

## मैनुअल 3: निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, पर्यवेक्षण तथा जवाबदेही का क्रम समेत {खंड 4(1) बी (iii)}

संस्थान में एक निदेशक, 5 अधिष्ठाता, 3 सह अधिष्ठाता, कुलसचिव, 15 विभागाध्यक्ष और स्कूलों के 3 समन्वयक, जो संस्थान के विभिन्न कार्यों को कार्यान्वित करते हैं। निदेशक को अधिष्ठाता, कुलसचिव, विभागाध्यक्ष तथा समन्वयक रिपोर्ट करते हैं। उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव काम के वितरण के आधार पर अधिष्ठाता/कुलसचिव को रिपोर्ट करते हैं। अधिष्ठाता, कुलसचिव, विभागाध्यक्षों तथा स्कूल के समन्वयक को अपेक्षित शक्तियाँ दी गई हैं, जो अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं।

निम्नलिखित नियमावली/दस्तावेज विभिन्न निर्णय लेने में प्रक्रियाओं का विवरण प्रस्तुत करते हैं

a) संस्थान प्रौद्योगिकी अधिनियम, 1961 (समय-समय पर संशोधित)
b) आईआईटी (बीएचयू) का पहला परिनियम
c) आईआईटी (बीएचयू) का सीनेट नियमावली
d) आईआईटी (बीएचयू) का क्रय नियमावली
e) भारत सरकार का मूल नियम एवं अनुपूरक नियम, समय-समय पर यथा संशोधित
f) सामान्य वित्तीय नियम 2017, समय-समय पर यथा संशोधित
g) सीसीएस (कंडक्ट) नियम, 1964, समय-समय पर यथा संशोधित
h) सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965, समय-समय पर यथा संशोधित
i) सीसीएस (पेंशन) नियम 1972, सीसीएस (पेंशन का सारांशीकरण) नियम 1981, सीसीएस (मेडिकल परीक्षा) नियम 1957, पेंशन का बकाया (नामांकन) नियम 1983 और पेंशन अधिनियम 1871
j) सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवा) नियम 1960
k) सहायक भविष्य निधि नियम (भारत) 1962
l) नई पेंशन योजना (एनपीएस), जिसे अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली कहा जाता है, जो 01.01.2004 से प्रभावी है

m) सीसीएस (एलटीसी) नियम 1988
n) कंपेंडियम ऑफ रूल्स ऑन एड्वान्सेज ऑफ जनरल फाइनेंशियल रुल्स (जीएफआर)
o) सभी पाठ्यक्रम का अध्यादेश और नियम
p) इसके अलावा, भारत सरकार के दिशानिर्देश/मानदंड/आदेश/प्रक्रियाएं जो समय-समय पर आईआईटी के लिए लागू होती हैं
q) यूजीसी दिशानिर्देश, यदि अंगीकृत किया गया, कुछ मामलों में सीएसआईआर/डीएसटी

**निर्णय लेने की समय सीमा:** कार्य के प्रकार और शामिल अधिकारियों के आधार पर निर्णय के लिए लिया गया समय भिन्न होता है निर्णय मुख्य रूप से भिन्न भिन्न स्तरों पर लिए जाते हैं। बीओजी/एफ सी/बी & डब्लू सी/निदेशक तथा कुछ अन्य मामलों में शिक्षा मंत्रालय के स्तर पर निर्णय होता है।

सभी स्तर पर पर्यवेक्षण तथा जवाबदेही भी सम्बंधित प्राधिकारी के अनुसार भिन्न भिन्न होती है। संस्थान के नागरिक अधिकार पत्र में कार्यालयों/विभागों में विभिन्न स्तरों पर कार्य के निपटारे के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं। ***(https://iitbhu.ac.in/contents/institute/admin/doc/citizens_charter.pdf)***

## नियमावली 4: कार्यों के निर्वहन के लिए निर्धारित नियम {धारा 4(1) बी (iv)}

**प्रस्तुत कार्यों/सेवाओं की प्रकृति-** मुख्य रूप से संस्थान एक शिक्षण/शोध संगठन है जो बी.टेक ./ एम.टेक ./पीएचडी छात्रों को ज्ञान प्रदान करता है। जिसके अतिरिक्त परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जाती है।

**कार्यों/सेवा वितरण के लिए नियम/मानक** संस्थान के विभिन्न गतिविधियों के लिए नियम एवं मानदंड सक्षम प्राधिकारी द्वारा बनाया गया है जैसे बीओजी , सीनेट, वित्त समिति। वार्षिक रिपोर्ट बीओजी और सीनेट के दिशा निर्देशन में तैयार किया जाता है। साथ में संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट तथा वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाता है।

आईआईटी (बीएचयू) एक राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान है जो शिक्षण तथा अनुसंधान के प्रति समर्पित है। कार्यालय/विभाग/ केंद्र /छात्रावास आदि बीएचयू परिसर में स्थित हैं, जो त्वरित सुविधा प्रदान करते हैं। निदेशक की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होती हैं जो कार्यों के नियमित तथा निरंतर कार्य प्रक्रिया में सुधार को परखने तथा सुझाव पर कार्रवाई के लिए होता है। दैनिक कार्यों के निर्वहन के लिए सामान्य नियम यह है कि दैनंदिन काम के आधार पर प्रभावी तथा क्षमता के साथ निपटारा किया जाय तथा प्रत्येक मामले की आवश्यकता तथा अत्यावश्यकता पर ध्यान रखा जाय।

इन सेवाओं तक पहुँच संबन्धित कार्यालय/इकाई/विभाग के प्रमुख को संबोधित करते हुए स्टेक होल्डर द्वारा की जा सकती है।

**शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया**

संस्थान ने संकाय सदस्यों/गैर-संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिए अलग अलग शिकायत समितियां गठित की है। ये समितिया शिकायतों पर विचार तथा जांच करके सही कार्रवाई संस्तुत करती हैं। इन संस्तुतियों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया जाता है तथा अनुमोदन के अनुसार क्रियान्वित किया जाता है।

**नियमावली 5: नियम, विनियम, अनुदेश, नियमावली और अभिलेख कार्यों को करने में प्रयुक्त होते हैं**
**{धारा 4(1) बी (v)}**

a) संस्थान प्रौद्योगिकी अधिनियम, 1961 (समय-समय पर संशोधित)
b) आईआईटी परिषद का निर्णय
c) आईआईटी (बीएचयू) का पहला परिनियम
d) आईआईटी (बीएचयू) का सीनेट नियमावली
e) आईआईटी (बीएचयू) का क्रय नियमावली
f) भारत सरकार का मूल नियम एवं अनुपूरक नियम, समय-समय पर यथा संशोधित
g) सामान्य वित्तीय नियम 2017, समय-समय पर यथा संशोधित
h) सीसीएस (कंडक्ट) नियम, 1964, समय-समय पर यथा संशोधित
i) सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965, समय-समय पर यथा संशोधित
j) सीसीएस (पेंशन) नियम 1972, सीसीएस (पेंशन का सारांशीकरण) नियम 1981, सीसीएस (मेडिकल परीक्षा) नियम 1957, पेंशन का बकाया (नामांकन) नियम 1983 और पेंशन अधिनियम 1871
k) सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवा) नियम 1960
l) सहायक भविष्य निधि नियम (भारत) 1962
m) नई पेंशन योजना (एनपीएस), जिसे अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली कहा जाता है, जो 01.01.2004 से प्रभावी है
n) सीसीएस (एलटीसी) नियम 1988
o) कंपेंडियम ऑफ रूल्स ऑन एड्वान्सेज ऑफ जनरल फाइनेंशियल रुल्स (जीएफआर)
p) सभी पाठ्यक्रम का अध्यादेश और नियम
q) इसके अलावा, भारत सरकार के दिशानिर्देश/मानदंड/आदेश/प्रक्रियाएं जो समय-समय पर आईआईटी के लिए लागू होती हैं
r) यूजीसी/ सीएसआईआर/डीएसटी दिशानिर्देश, यदि अंगीकृत किया गया

गैर-संकाय कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार की जाती है और गैर-संकाय कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। *https://iitbhu.ac.in/contents/institute/admin/doc/annexure9_transfer_orders.pdf*

**समूह 'ए' अधिकारियों और कर्मचारियों (सभी श्रेणियों नियमित, अनुबंध और दैनिक वेतनभोगी) के स्थानांतरण/रोटेशन/स्थानांतरण के लिए दिशानिर्देश**

1. समूह 'ए' के अधिकारी और कर्मचारी समूह 'बी' और 'सी' में अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारी, दैनिक वेतन के आधार पर और साथ ही वर्गीकृत श्रेणियों (कैडर) यानी प्रशासनिक, शैक्षणिक, में से किसी एक से संबंधित आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से तैनात कर्मचारी शामिल हैं। तकनीकी और शैक्षणिक गैर-शिक्षण, किसी विशेष विभाग/अनुभाग/इकाई में तीन (03) वर्ष की सेवा पूरी करने पर रोटेशन/स्थानांतरण/स्थानांतरण के कारण होगा।

2. इसके अलावा, अधिकारी/कर्मचारी, जिन्हें अन्यथा अन्य डोमेन में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है, ऐसे विभाग/स्कूल/यूनिट/अनुभाग के प्रमुख, डीन/प्रोफेसर के परामर्श से। प्रभारी (प्रशासन) ऐसे अधिकारियों को इकाई के भीतर स्थानांतरित करेगा। इस वार्षिक गतिविधि के पूरा होने पर ऐसे सभी आंदोलनों की एक व्यापक वार्षिक रिपोर्ट डीन (प्रशासन) के माध्यम से निदेशक को भेजी जाएगी।

3. स्थानांतरण की प्रक्रिया एक वार्षिक गतिविधि होगी, और आवश्यक आदेश/अधिसूचना जनवरी माह में या वर्ष के दौरान आवश्यकतानुसार किसी अन्य समय जारी की जाएगी। संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को आदेश/अधिसूचना जारी होने के पंद्रह दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा, अन्यथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारी का वेतन रोक दिया जाएगा।

4. आमतौर पर, किसी अधिकारी/कर्मचारी को उसकी सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम दो वर्षों में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

5. रजिस्ट्रार, लाइब्रेरियन/डिप्टी लाइब्रेरियन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संस्थान अभियंता, सुरक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी आदि एकल संवर्ग के पदों को स्थानांतरण से बाहर रखा जाएगा।

6. उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार अधिकारियों/कर्मचारियों के वार्षिक स्थानांतरण के अलावा, संस्थान के हित में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को किसी भी समय किसी भी विभाग/स्कूल/अनुभाग/केंद्र/इकाई में स्थानांतरित किया जा सकता है।

7. गैर-तकनीकी कार्यस्थल पर स्थानांतरित तकनीकी कर्मचारियों को आवश्यकताओं के आधार पर संबंधित कार्यस्थल पर वापस स्थानांतरित किया जा सकता है।

## नियमावली 6: दस्तावेजों की श्रेणियाँ जो रखे गए या नियंत्रण में हैं {खंड 4(1) बी (vi)}

**दस्तावेजों की श्रेणियाँ**

**श्रेणी 1** शैक्षणिक से संबन्धित दस्तावेज़

- अकादमिक पाठ्यक्रम तथा बी.टेक / आईडीडी / एम. टेक/एम. फार्म / पीएच.डी के पाठ्यक्रम
    - पंजीकरण/नामांकन अभिलेख
    - परीक्षा अभिलेख
    - स्नातक पंजिका
    - सारणीकरण अभिलेख
- स्नातक और पीजी अध्यादेश और नियम
- वार्षिक प्रतिवेदन
- सीनेट की बैठक का कार्यवृत्त

**श्रेणी 2** प्रायोजित अनुसंधान और कंसल्टेंसी से संबन्धित दस्तावेज़

- परियोजना दिशा-निर्देश
- औद्योगिक परामर्श  दिशा-निर्देश
- समय-समय पर पुस्तिकाएं तथा विवरणिका प्रकाशित
- प्रशिक्षण और प्रस्थापना प्रकोष्ठ का चयन विवरणिका

**श्रेणी 3** वित्त और लेखा से संबंधित दस्तावेज़

- क्रय नियम
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट
- वार्षिक लेखा
- संदान तथा धर्मादा निधि
- वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन

**श्रेणी 4** प्रशासन से संबन्धित दस्तावेज़

- बीओजी बैठक का कार्यवृत्त
- वित्त समिति बैठक का कार्यवृत्त
- भवन एवं निर्माण समिति की बैठक का कार्यवृत्त
- चयन समिति अभिलेख
- स्थापना/छुट्टी/अभिलेख

कुलसचिव सभी दस्तावेजों का अभिरक्षक है। इसके अतिरिक्त, अलग अलग विभागों/इकाइयों से संबंधित दस्तावेज़ इकाई प्रभारी/विभागाध्यक्ष की अभिरक्षा के अधीन है।

**नियमावली 7: किसी व्यवस्था का विवरण जो परामर्श, प्रतिनिधित्व, इसके नीतियों के क्रियान्वयन या लागूकरण में लोक सदस्य {खंड 4(1) बी (vii)}**

a) केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित आधिकारिक राजपत्र के अनुसार एक केंद्रीय निकाय है जिसे परिषद [अधिनियम का धारा 31 (1)} कहा जाता है। केंद्र सरकार में तकनीकी शिक्षा प्रभारी मंत्री परिषद का (पदेन) अध्यक्ष है [अधिनियम की धारा 31(2a)]। परिषद में संसद के तीन सदस्य होते हैं, जिनमें से दो सदन द्वारा चुने जाते हैं और इसके सदस्यों में से एक राज्य परिषद द्वारा [अधिनियम की धारा 31 (2k)]। परिषद के कार्यों का विवरण संस्थान प्रौद्योगिकी अधिनियम में दिया है।

b) संस्थान प्रौद्योगिकी अधिनियम के अध्याय III के अधीन केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए प्रत्येक नियम को जल्द से जल्द यथासंभव संसद के दोनों सदनों में इसके सत्र के दौरान 30 दिन के कुल अवधि के अंदर जो एक सत्र या दो या उससे ज्यादा सत्र में समाविष्ट हो, रखा जाना अपेक्षित है और यदि, सत्र के समाप्त होने के पहले या आने वाले सत्र में दोनों सदन नियम में कोई बदलाव के लिए सहमत होते हैं कि नियम नहीं बनना चाहिए तो वह नियम उस संशोधित रूप में प्रभावी होगा या प्रभावी नहीं होगा , जैसा मामला हो। [अधिनियम का धारा 35(3)]

c) संस्थान का लेखा यथा भारत सरकार के सीएजी द्वारा प्रमाणित जिसके साथ लेखा परीक्षा रिपोर्ट अपेक्षित है जो केंद्र सरकार को वार्षिक रूप में अग्रेषित की जाती है संस्थान के खाते रिपोर्ट को केंद्र सरकार को सालाना अग्रेषित करने की आवश्यकता होती है और फिर सरकार इसे संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाती है। [इस अधिनियम के धारा 23(4)]

d) संस्थान के संचालक मंडल में एक व्यक्ति को सरकार द्वारा नामित किया जाता है उन राज्यों में से प्रत्येक में जिसमें संस्थान स्थित है, जो उस सरकार की राय में, ख्यातिलब्ध प्रौद्योगिकीविद या उद्योगपति हैं; और चार व्यक्ति परिषद द्वारा नामित जो शिक्षा, इंजीनियरिंग या विज्ञान में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले होते हैं।

e) संस्थान के सीनेट में तीन व्यक्ति, जो संस्थान के कर्मचारी नहीं हैं, निदेशक के परामर्श से अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा मनोनीत होते हैं जो विज्ञान, इंजीनियरिंग और मानविकी के क्षेत्रों से एक-एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद होते हैं।

**नियमावली 8: बोर्ड, परिषदों, समितियों का विवरण तथा अन्य गठित समिति {खंड 4(1) बी (viii)}**

- आईआईटी परिषद(संस्थान प्रौद्योगिकी अधिनियम 1961 के अध्याय III के अनुसार परिषद की संरचना)
- संचालक मंडल **(29.06.2021)**
- सीनेट **(29.06.2012)**
- वित्त समिति **(17.06.2015)**
- भवन एवं निर्माण समिति **(29.03.2013)**

गवर्नर बोर्ड, वित्त समिति, बिल्डिंग एंड वर्क्स कमेटी और सीनेट कमेटी के सदस्यों की संरचना एवं नामों का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है *https://iitbhu.ac.in/administration/bog, https://iitbhu.ac.in/administration/fc, https://iitbhu.ac.in/administration/bwc*

इसके अलावा, उपरोक्त समितियों का अवधि और कार्यकाल, नियमित प्रावधानों, अधिनियमों और क़ानूनों के अनुसार है *https://iitbhu.ac.in/contents/institute/admin/doc/it_act_amended.pdf & https://iitbhu.ac.in/contents/institute/admin/doc/first_statutes_IIT_BHU_hindi.pdf.*

**नियमावली 9: कर्मचारियों तथा अधिकारियों का निर्देशिका {धारा 4(1) बी (ix)}**

संकाय और गैर-संकाय के विभागवार संपर्क विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

*https://intranet.iitbhu.ac.in/ccis/doc/telephone_directory.pdf*

**नियमावली 10: प्रत्येक अधिकारी तथा कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक, इसके विनियमों में जैसा दिया गया है कंपेन्सेशन की व्यवस्था सहित {खंड 4(1) बी (एक्स)}**

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतन (सातवें सीपीसी के अनुसार ) | |
|---|---|---|---|
| | | स्तर | प्रारम्भिक वेतन (आईपी) |
| **1.** | आचार्य (एचएजी) | 15 | 182200 |
| **2.** | आचार्य | 14A | 159100 |
| **3.** | सह आचार्य | 13A2 | 139600 |
| **4.** | सहायक आचार्य ग्रेड I | 12 | 101500 |
| **5.** | सहायक आचार्य ग्रेड II | 10 | 70900 |

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतन (सातवें सीपीसी के अनुसार ) | |
|---|---|---|---|
| | | स्तर | प्रारम्भिक वेतन (आईपी) |
| 1. | कुलसचिव | 14 | 144200 |
| 2. | उप कुलसचिव | 12 | 78800 |
| 3. | सहायक कुलसचिव | 10 | 56100 |
| 4. | सुरक्षा अधिकारी | 10 | 56100 |
| 5. | वरिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 8 | 47600 |
| 6. | सहायक अभियंता | 8 | 47600 |
| 7. | तकनीकी अधीक्षक | 7 | 44900 |
| 8. | कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक | 6 | 35400 |
| 9. | कनिष्ठ अधीक्षक | 6 | 35400 |
| 10. | कनिष्ठ अभियंता | 6 | 35400 |
| 1 1. | वरिष्ठ सहायक | 5 | 29200 |
| 12. | वरिष्ठ तकनीशियन | 5 | 29200 |
| 13. | कनिष्ठ सहायक | 3 | 21700 |
| 14. | कनिष्ठ तकनीशियन | 3 | 21700 |

कर्मचारियों की सूची और साथ में उनका वेतन स्तर उपलब्ध है
*https://iitbhu.ac.in/sites/default/files/institute/admin/doc/rti_manual_remuneration.pdf*

**जैसा कि इसके विनियमों में दिया गया** अपने कर्मचारियों को मुआवजे की प्रणाली (जैसे अनुकंपा नियुक्ति/उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन/छुट्टी नकदीकरण/अवकाश यात्रा रियायत/बाल देखभाल अवकाश) के लिए इसके नियमों में दिए गए प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार के मानदंडों का पालन किया जाता है। इसके अलावा कर्मचारियों को 7वीं सीपीसी के अनुसार सभी स्वीकार्य भत्ते भी देय हैं।

## नियमावली 11: प्रत्येक विभाग को बजट आवंटन जो सभी योजनाओं के विवरण को इंगित करता है, प्रस्तावित व्यय तथा संवितरण पर रिपोर्ट {धारा 4(1) बी (xi)}

संस्थान द्वारा बजट आवंटन के अनुसार विभाग अपने प्रस्तावित व्यय की योजना बनाते हैं

**संशोधित बजट आंकलन 2022-23 और बजट आंकलन 2023-24 .**

**OH-31 (Recurring)- Grant-in-aid General**

| | | | | | | | लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | शीर्ष का विवरण | वास्तविक आंकड़े 2021-22 | बजट आंकलन 2022-23 | वास्तविक आंकड़े 2020-21 सितंबर, 2021 तक | 2021-22 के लिए सितंबर, 2022 तक वास्तविक आंकड़े (अनंतिम) | संशोधित आंकलन 2022-23 | बजट आंकलन 2023-24 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **पेंशन और पेंशन संबंधी लाभ** | | | | | | |
| ( i ) | पेंशन | 997.72 | 1797.00 | 445.64 | 390.51 | 1115.00 | 1538.00 |
| | **कुल (पेंशन और पेंशन लाभ)** | **997.72** | **1,797.00** | **445.64** | **390.51** | **1,115.00** | **1,538.00** |
| **2** | **छात्रवृत्ति / फैलोशिप** | | | | | | |
| ( i ) | फैलोशिप/छात्रवृत्ति/वजीफा | 4192.43 | 5000.00 | 1637.08 | 1728.31 | 4500.00 | 5,000.00 |
| | **कुल (अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति, आदि) :** | **4,192.43** | **5,000.00** | **1,637.08** | **1,728.31** | **4,500.00** | **5,000.00** |
| **3** | **विदेश/घरेलू यात्राएं** | | | | | | |
